पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से जम्मू से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा करने वाले हीरा लाल यादव ने भेंट की

कन्या भ्रूण हत्या रोकने का पैगाम लेकर राजभवन से रवाना

लखनऊः 10 **अप्रैल**, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में जम्मू से कन्याकुमारी तक की साइकिल यात्रा करने वाले गोरखपुर के मूल निवासी श्री हीरा लाल यादव, जो अब मुंबई में रहते हैं ने भेंट की। श्री हीरा लाल यादव ने राज्यपाल को एक पौधा भेंट किया जिसे राज्यपाल ने राजभवन के प्रांगण में रोपा। राज्यपाल ने श्री यादव को अपनी ओर से उत्तर प्रदेश का राज्य वृक्ष 'सीता अशोक' का पौधा भेंट किया।

श्री हीरा लाल यादव साइकिल से लगभग एक लाख कि0मी0 यात्रा कर चुके हैं। इस यात्रा में वे बिना सीट की साइकिल चलाते हुए कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ (सेव गर्ल चाइल्ड) बेटी पढ़ाओं, नशामुक्ति, शहीदों के परिवार के लिये, जवानों का हौसला बढ़ाने तथा पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनता में जागरूकता जगाने का काम करते हैं। श्री यादव की यह 15वीं साइकिल यात्रा है, जो 05 **फरवरी,** 2015 **से शुरू हुई है और इसी पैगाम के साथ वे जम्मू से कन्याकुमारी तक की यात्रा करेंगे। श्री यादव कम्बोडिया, थाईलैण्ड, वियतनाम, मारिशस में भी साइकिल यात्रा कर चुके हैं।**

राज्यपाल ने श्री यादव से समाज में बेटियों की दुर्दशा एवं कन्या भ्रूण हत्या पर एक कविता 'इल्जाम नहीं शिकायत है माँ जो तुमसे करना जरूरी है, मुझे जन्म नहीं देना ऐसी भी क्या मजबूरी थी..... लोग शत्-शत् बसन्त देख लेते हैं, मैं एक भी बसन्त ना देख सकी, तेरी ममता की छांव में पलना था, पर जा कूडे-कचरे में भेंट चढ़ी' भी सुनी। राज्यपाल ने उनके सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

संवेदना जागृति अभियान
नशा मुक्त भारत
बेटी बचाओ

संवेदना जागृति अभियान
नशा मुक्त भारत
स्वस्थ भारत
बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ
NEELAM